Bharat Temples

मैं करूं शुक्रिया

जब जरूरत थी मुझको साईं ने दिया बाबा ने दिया,
मैं करूं शुक्रिया मैं करूं शुक्रिया ।
सारी दुनिया में इनको तो रोशन किया हां रोशन किया,
मैं करूं शुक्रिया मैं करूं शुक्रिया...जब जरूरत ॥

दुनिया है दीवानी साईं नाथ की हाथ साईं नाथ की,
उनको देखा तो मैं भी दीवाना हुआ हां दीवाना हुआ ।
शिरडी मंदिर में साईं का दर्शन हुआ हां दर्शन हुआ,
मैं करूं शुक्रिया मैं करूं शुक्रिया...जब जरूरत ॥

लड़खड़ाने से पहले संभाला मुझे हां संभाला मुझे,
गम के हर एक भंवर से निकाला मुझे हां निकाला मुझे ।
ना दिया मेरी आशा का बुझने दिया हां बुझने दिया,
मैं करूं शुक्रिया मैं करूं शुक्रिया...जब जरूरत ॥

साईं तुमसा कोई भी फरिश्ता नहीं हां फरिश्ता नहीं,
यू निभाता कोई मुझसे रिश्ता नहीं हां रिश्ता नहीं ।
मुस्कुराकर मेरे अश्कों को पी लिया,
मैं करूं शुक्रिया मैं करूं शुक्रिया...जब जरूरत ॥

जग के झूठे झमेलों से मुंह मोड़ लो हां मुंह मोड़ लो,
प्रीत मेरी तरह साईं से जोड़ लो साईं से जोड़ लो ।

तुम भी वही कहोगे "सचिन" ने कहा,
मैं करूं शुक्रिया मैं करूं शुक्रिया...जब जरूरत ॥

संकलन :गिरधर महाराज
भाटापारा छत्तीसगढ़

Source:
https://www.bharattemples.com/main-karu-sukariya-jab-jarurat-thi-mujko-sai-ne-diyan-baba-ne-diya/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw